लूणकरनसर से राजूड वाया पूनरासर-शेरूणा सड़क का शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सीआरआईएफ बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के तहत एमडीआर 298 सड़क चौड़ाईकरण और सुदृढ़ीकरण लूणकरनसर से राजूड वाया सहजरासर, खारड़ा, पूनरासर, शेरुणा, सावंतसर और लिखमीसर सड़क का शिलान्यास किया। सोलह किलोमीटर लम्बी इस सड़क के निर्माण पर 24 करोड़ रूपये व्यय होंगे। यह सड़क सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जायेगी।

इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश का सड़क तंत्र सुदृढ़ हुआ है। अंतराष्ट्रीय मानकों की सड़कें इस दौरान बनी हैं। इससे आमजन के समय, ऊर्जा और ईंधन की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि यह सीआरआईएफ के तहत बनने वाली यह सड़क आमजन के लिए लाभदायक साबित होगी।

उन्होंने निर्माण कार्य समयबद्ध करने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की राह प्रशस्त करती है। लूणकरनसर क्षेत्र में भी सड़कों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नई सड़कें बनाने और पूर्व में बनी सड़कों के रखरखाव के लिए अनेक स्वीकृतियां दी हैं। यह सभी कार्य आने वाले दिनों में पूर्ण करवाए जायेंगे।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने बामनवाली में ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन तथा इसकी चारदीवारी का लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत भवन एवं मल्टीपर्पज हॉल के लिए 35 लाख तथा चारदीवारी निर्माण के लिए 10 लाख रूपये स्वीकृत थे। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि यह भवन ग्राम पंचायत के मिनी सचिवालय के रूप में काम करेगा। भवन बनने से आमजन के कार्य और अधिक सुगमता से होंगे। उन्होंने पंचायत परिसर को हरा-बनाने का आव्हान किया।

मेघवाल और गोदारा ने धीरेरां में 12.65 करोड़ के 23 कार्यों का शिलान्यास अथवा लोकार्पण करते हुए ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। इनमें पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा इसमें विकास कार्य, मॉडल तालाब विकास, जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन और टंकी निर्माण, सार्वजनिक ई-लाइब्रेरी, खेल मैदान विकास कार्य, किसान सेवा केन्द्र का मुख्य द्वार एवं चार दीवारी, सीसी ब्लॉक सड़क, श्मशान भूमि विकास कार्य, स्कूलों में कक्षा कक्षा, पक्का खाला, आंगनबाड़ी भवन सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। इस दौरान मेघवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आधारभूत सुविधाओं का विकास केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। इनसे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में और अधिक सुधार होता है। गोदारा ने कहा कि सरकार की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों में ई-पुस्तकालय बन रहे हैं। खेल मैदानों का विकास हो रहा है।

केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरनसर के बामनवाली ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

- **सोलह किलोमीटर लम्बी इस सड़क के निर्माण पर 24 करोड़ रूपये व्यय होंगे**
- **धीरेरां में 12.65 करोड़ के 23 कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया**
- **बामनवाली में ग्राम पंचायत के नवनिर्मित भवन तथा चारदीवारी का लोकार्पण किया**

धमकी से भयभीत बुजुर्ग ट्रेन के आगे कूदा

हनुमानगढ़, (कासं)। जान से मारने की धमकी से डरे बुजुर्ग के सुसाइड करने और एक बेटे के घर से लापता होने का मामला थाने में दर्ज कराया गया है।

घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दिए जाने से भयभीत हुए पिता-पुत्र घर से निकल गए। इसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि पिता ने ट्रेन के आगे आकर सुसाइड कर लिया। जबकि पुत्र का कोई सुराग नहीं लग पाया। इस संबंध में मृतक दूसरे पुत्र ने अपने साले के खिलाफ नामजद और पांच अन्य के खिलाफ गोगामेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार विनोद कुमार (36) पुत्र झींडूराम कड़वासरा निवासी ललाना बास श्योपुरा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 12 अक्टूबर को उसका साला विनोद पुत्र सुभाष न्योल निवासी छोटी गांधी तहसील भादरा व 5 अन्य व्यक्ति उसके घर में जबरदस्ती घुसे और उससे व उसके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करने लगे। उस समय घर पर वह, उसका भाई पवन, पिता झींडूराम, माता गुड्डी देवी मौजूद थे। उन्होंने विनोद वगैरा से गालियां निकालने का कारण पूछा और समझाने का प्रयास किया तो विनोद तैश में आ गया और उससे व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की।

सार-समाचार

भारतीय ज्ञान परंपरा की जानकारी दी

प्रो. एच. पी. शाही व कुलपति मनोज दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर राजनीति विज्ञान अधिवेशन का शुभारंभ किया।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के 61वें अधिवेशन का शुभारंभ आज विश्वविद्यालय के संत मीरा बाई सभागार में हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गीताजंलि दास, कुलपति बहरमपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा, महासचिव प्रो. संजीव कुमार शर्मा, पूर्व कुलपति महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी बिहार, प्रो. एच. पी. शाही, मगध विश्वविद्यालय, बिहार, विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अधिवेशन के प्रथम दिन आज भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के प्रारंभ में भारतीय राजनीति विज्ञान के महासचिव प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने देश-विदेश से आये शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया। उन्होंने राजनीति विज्ञान परिषद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद का यह 61वां सम्मेलन बीकानेर में प्रथम बार आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की सहभागिता हो रही है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गीताजंलि दास, कुलपति बहरमपुर विश्वविद्यालय ओडिशा ने भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विषय शिक्षा नवाचार और सतत विकास के बारे में संपूर्ण ज्ञान देता है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने मेजबान होने के नाते प्रतिभागियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. बिट्टल बिस्सा ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे दिन प्रात: 10 बजे विकसित भारत -2047 पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुंभारभ होगा। जिसमें प्रो. ए.पी पाढ़ी पूर्व कुलपति एवं पूर्व अध्यक्ष भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया जायेगा। इप्सा के राष्ट्रीय पुरस्कारों का वितरण एवं स्मारिका 'मरू गंगा' का विमोचन भी किया जायेगा। प्रतिभागियों के सम्मान में बीकानेर की कला-संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कान्क्लेव का भी आयोजन होगा।

वी.डी.ओ. पर रिश्वत का आरोप

रामसिंहपुर, (कासं)। ग्राम पंचायत 65 जीबी में पीएम आवास योजना में चयन करवाने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा रूपए मांगने व अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन के सामने सांकेतिक धरना लगाया। बाद में पंचायत समिति के अधिकारियों के जांच के आश्वासन के बाद उठा लिया गया। 66 जीबी निवासी रुकमा देवी पत्नी दिवंगत रिछपाल ने अनूपगढ़ कलेक्टर के सामने पेश होकर पीएम आवास योजना का लाभ देने के लिए ग्राम विकास अधिकारी अंग्रेज सिंह पर 8 हजार रूपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। और निष्पक्ष जांच नहीं किए जाने पर ग्राम पंचायत 65 जीबी के सामने धरना लगाने की चेतावनी दी थी। अन्य ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में नरेगा में कम मजदूरी मिलने, अपात्रों को पीएम आवास योजना में चयनित करने, वाटर वर्क्स के पानी का असमान वितरण, पूरी ग्राम पंचायत में पाइप लाइन ना बिछाए जाने, पट्टे न बनाने, ग्राम विकास अधिकारी का ट्रांसफर सहित विभिन्न मांगों और आरोपों को लेकर लोगों ने ग्राम पंचायत के सामने धरना लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि एक बार धरना स्थगित कर दिया गया है। यदि अधिकारियों द्वारा मांगों पर गौर नहीं किया गया तो 15 दिन बाद फिर ग्राम पंचायत के सामने धरना लगा दिया जायेगा। दोपहर बाद अतिरिक्त विकास अधिकारी दलबीर सिंह व जेटीए उम्मेद कुमार धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। आखिरकार अधिकारियों ने ग्रामीणों को समस्याओं के बारे में लिखित में दिया और 15 दिन के भीतर उनकी सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि 15 दिन में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे एक बार फिर ग्राम पंचायत के सामने धरना लगायेंगे। इस बीच वर्तमान ग्राम विकास अधिकारी अंग्रेज सिंह का मुख्यालय अनूपगढ़ पंचायत समिति रहेगा।

वाल्मीकि ब्रह्मालय में सत्संग

श्रीगंगानगर, (कासं)। भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर गुरुवार को शहर के वार्ड आठ स्थित वाल्मीकि ब्रह्मालय और शहर के इंदिरा चौक स्थित जिला वाल्मीकि सभा में आयोजन हुए। वार्ड आठ के वाल्मीकि ब्रह्मालय में हुए आयोजन में सुबह से लोग जुटने लगे। यहां सत्संग और यज्ञ का आयोजन किया गया। भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ करवाया गया। पार्षद बंटी वाल्मीकि की देखरेख में आयोजन हुआ। इसमें भंडारा भी लगाया गया। यहां आदि धर्म समाज भजन मंडल ने मूलमंत्र के जाप के साथ सत्संग की शुरूआत की। विजय वाल्मीकि ने सोने की मूर्ति और अशोक सुमाली ने भगवान वाल्मीकि आओ भजन प्रस्तुत किया। मनीष दैत्य ने 'प्रकट दिन खुशियां दा कुल आलम नचदा' सुनाया। आयोजन में अनिल सारवाण, अरूण सोनी, ताराचंद डबगोहर, सोनू उजीनवाल, रवि कुमार, सोनू, विक्की सारवण आदि का सहयोग रहा। जिला वाल्मीकि सभा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बने मंदिर में भी भजन कीर्तन किया गया। इससे पहले वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष में कल शाम शोभायात्रा भी निकाली गई थी।

शराब ठेके का वीडियो बनाने पर दो लोगों को पीटा

हनुमानगढ़, (कासं)। निर्धारित समय बाद तक खुले शराब ठेका की वीडियो बनाना दो लोगों को महंगा पड़ गया। नाराज ठेका सेल्समैन ने कुछ लोगों को बुलाकर दोनों को पिटवा दिया। दोनों को ठेके में बंद कर उनसे नकदी-कागजात व बाइक छीन ली।

पता चलने पर परिजनों ने दोनों को छुड़ाया और अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में पीलीबंगा पुलिस थाना में शराब ठेकेदार व उप सरपंच सहित कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार शेरसिंह (70) पुत्र सुरजन सिंह रायसिख निवासी अमरपुरा ढाणी, चक 19 पीबीएन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसका पुत्र मंगतसिंह तथा उसके साथ बलविन्द्र सिंह पुत्र गुरदीप सिंह तथा कुलदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह चिनाई का कार्य करते हैं।

रात करीब 8.30 बजे चिनाई का कार्य कर तीनों बाइक से वापस अपने घर की तरफ आ रहे थे। रास्ते में गांव डींगा का शराब ठेका खुला देखकर इन्होंने अपनी बाइक शराब खरीदने के लिए रोक ली तथा सेल्समैन से शराब मांगी। सेल्समैन उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगा। इस पर उसके पुत्र मंगत सिंह वगैरा ने अपने मोबाइल फोन से ठेका खुला होने की वीडियो बनानी शुरू कर दी।

मंगत सिंह वगैरा को वीडियो बनाता देखकर डींगा ठेके का सेल्समैन क्रोधित हो गया तथा उसने फोन कर डींगा ठेके पर गुंडा प्रवृति के लोगों को बुला लिया। उसका पुत्र मंगत सिंह व उसके साथी बाइक पर सवार होकर जाने लगे तो ठेके के सेल्समैन ने उनकी तरफ ईंट फैंकी जो उसके पुत्र के कान पर लगने से वे वापस ठेके की तरफ आ गए। इतने में ही प्रेमपुरा ठेके का ठेकेदार प्रदीप सहारण व भागसर उप सरपंच अपने साथ 10-12 व्यक्तियों को लेकर एक जीप व दो बाइक पर सवार होकर आये तथा आते ही उसके पुत्र मंगत सिंह तथा उसके साथी कुलदीप सिंह पर लाठी-डंडों से वार शुरू कर दिए। बलविन्द्र सिंह किसी तरह से उनसे बचकर भाग गया। इन लोगों ने उसके पुत्र मंगत सिंह की दोनों टांगों पर लाठियों से वार किए। इससे मंगत सिंह की एक टांग बूरी तरह से टूट गई। उन्होंने मंगत सिंह व कुलदीप सिंह को उठाकर शराब के ठेके में बंद कर दिया।

मंगत सिंह से 1500 रुपए, बैंक एटीएम, बैंक कॉपी, पैनकार्ड, आधार कार्ड आदि कागजात तथा दोनों के मोबाइल फोन छीन लिए। कुलदीप सिंह से 500 रूपए भी छीन लिए। उसके पुत्र मंगत सिंह की बाइक भी अपने कब्जे में कर ली। उसे किसी व्यक्ति ने उसके पुत्र के साथ हो रही घटना के संबंध में जानकारी दी तो वह अपने साथ हरनाम सिंह, ककण सिंह, मंगत सिंह, लक्खासिंह, शेरसिंह, ओमप्रकाश सिंह को लेकर डींगा ठेके पर पहुंचा।

- **बंधक बनाकर नगदी और कागजात छीने, ठेकेदार सहित उप सरपंच व अन्य पर मामला दर्ज**

रिफिलिंग मशीन व तीन सिलेंडर जब्त

बीकानेर, (कासं)। घरेलू सिलेंडर के व्यावसायिक दुरूपयोग की शिकायत के बाद जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देश अनुसार गुरूवार को औचक कार्यवाही की गई।

जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि आदर्श कॉलोनी पीबीएम अस्पताल के पीछे औचक निरीक्षण के दौरान छापा मारा गया। जहां गुरमीत सिंह पुत्र कमलजीत सिंह को मौके पर वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडर से एलपीजी गैस भरते हुए पाया गया। मौके पर तीन घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा व एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। महला ने बताया कि घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग एलपीजी अधिनियम 2000 के खंड सं. 3, 4, 5 व 7 का स्पष्ट उल्लंघन है।

जब्त की गई समस्त सामग्री अनूप गैस एजेंसी रानी बाजार के गोदाम में सुरक्षित रखने के लिए सुपुर्द कर पाबंद किया गया। जिससे न्यायालय से आदेश प्राप्ति तक जब्त सामान को यथावत सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान प्रवर्तन निरीक्षक जयसिंह व प्रखर भार्गव टीम में शामिल थे।

10 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति

बीकानेर, (कासं)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के लिए देशभर से अब तक 118 कंपनियां आ चुकी हैं। इन्होंने 10 हजार करोड़ से अधिक राशि के निवेश पर सहमति जताई है। इससे 6952 लोगों को रोजगार मिलेगा। जिला स्तरीय समिट 13 नवम्बर को होटल लक्ष्मी निवास में होगी। उसके बाद राज्य स्तरीय तीन दिवसीय समिट जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक होगी।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में प्रदेश के हर जिले में उद्योगपतियों को लाने की होड़ मची है। ज्यादा उद्योग आयेंगे तो विकास भी ज्यादा होगा। लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

जिला उद्योग अधिकारी पूजा शर्मा ने बताया कि जिले में स्थानीय उद्योगपतियों के अलावा राजस्थान सहित देशभर से कंपनियों ने बीकानेर में उद्योग लगाने में रूचि दिखाई है। अब तक आई 118 कंपनियों में से सबसे ज्यादा 25 कंपनियां सोलर प्रोजेक्ट की हैं। 24 कंपनियों ने एग्रो, 12 फूड, 14 टूरिज्म और 9 कंपनियों ने वूलन उद्योग में रूचि दिखाई है। इसके अलावा पीओपी, प्लास्टिक, ऑर्गेनिक, केमिकल, हर्बल, तेल और फ्लोर मिल सहित अन्य छोटी कंपनियां हैं। इन कंपनियों में करीब 80 ऐसी हैं, जो नए प्रोजेक्ट लेकर आ रही हैं। वर्ष 2022 में हुई समिट में 128 कंपनियों ने एमओयू के लिए सहमति जताई थी, जिसमें 96 कंपनियों ने 14 हजार 700 करोड़ का निवेश जिले में किया था। सबसे ज्यादा निवेश सोलर प्रोजेक्ट में हुआ। इसके अलावा फूड, एग्रो और सिरेमिक इंडस्ट्रीज भी लगाई गई। टूरिज्म सेक्टर में भी निवेश किया था। जिला उद्योग अधिकारी ने बताया कि कुछ कपंनियां कोरोना के कारण बाद में पीछे हट गई थी। इस बार भी अभी तक 118 कंपनियां आ चुकी हैं।

- **राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में प्रदेश के हर जिले में उद्योगपतियों को लाने की होड़ मची**

धारदार हथियार से हमले में एक की मौत दूसरा घायल

हनुमानगढ़, (कासं)। जागरण में हुए विवाद में दो चचेरे भाईयों पर चाकू और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिसमें एक की मौत हो गई। दूसरे को इलाज के लिए बीकानेर रेफर किया गया है।

संगरिया पुलिस आरोपियों की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है। एसपी अरशद अली ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों के गठन का निर्देश दिया है। प्रारंभिक तौर पर हत्या के पीछे किसी पुरानी रंजिश होना बताया जा रहा है। घटना हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात की है।

संगरिया थानाप्रभारी तेजवंत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव दीनगढ़ के बालाजी धाम में रात को जागरण चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर रात करीब 2 बजे हरिपुरा गांव निवासी राजू (25) और उसके चचेरे भाई रवि (26) का अन्य युवकों से विवाद हो गया। इस दौरान अन्य युवकों ने चाकू व धारदार हथियारों से राजू और रवि पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजू की मौत हो गई। रवि को इलाज के लिए बीकानेर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शव को हनुमानगढ़ के जिला अस्पताल में रखवाया गया है।

महानंद ट्रस्ट में महिला प्रकोष्ठ का होगा गठन

बीकानेर, (कासं)। श्री आचार्य महानंद ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए ट्रस्ट के महिला प्रकोष्ठ का गठन किया जायेगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम आचार्य चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में आयोजित ट्रस्ट बैठक में यह निर्णय लिया गया। डॉ. आचार्य ने बताया कि समाज की महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से गतिविधियां आगामी दिनों में संचालित की जायेगी। इसके लिए ट्रस्ट का महिला प्रकोष्ठ गठित किया जायेगा।

सरपंच प्रतिनिधि ने ट्रैक्टर चलाकर 350 पौधे उखाड़े

हनुमानगढ़,(कासं)। ग्राम पंचायत 2 केएनजे के वार्ड पंचों ने एसपी को ज्ञापन देकर सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत 2 केएनजे में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाये गए 350 पौधों को सरपंच प्रतिनिधि ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर गांव के वार्ड पंचों ने गुरूवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के बैनर तले एसपी को ज्ञापन सौंपा।

वार्ड पंच गुरबंस सिंह के अनुसार ग्राम पंचायत 2 केएनजे में पंचायत भवन परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में पौधे लगाये गए थे। 13 अक्टूबर को सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल पुत्र शिव कुमार ने अपने ट्रैक्टर व उसके पीछे लगा करावा चलाकर पौधों को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने मौके पर जाकर नष्ट किए गए पौधों की गिनती की तो पता चला कि 350 पौधे नष्ट किए गए हैं। तब वार्ड पंचों ने मंगतूराम पूनिया व रेवंतराम वगैरा को साथ लेकर सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल से बात की तो उसने कहा कि उसकी माता जीवनी देवी इस ग्राम पंचायत की सरपंच है। ग्राम पंचायत में उसकी चलेगी।

- **वार्ड पंचों ने एस.पी. से की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज करने की मांग**

वेद मंत्रों की गूंज के बीच 'मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी' अभियान शुरू

बीकानेर, (कासं)। संतों के सानिध्य और वेद मंत्रों की गूंज के बीच रानी बाजार स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय परिसर में 'मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी अभियान' गुरूवार को शुरू हुआ।

इस दौरान भामाशाहों द्वारा विद्यालय को 125 सैट टेबल-कुर्सियां, चार अलमारियां, एक कम्प्यूटर सैट मय प्रिंटर-यूपीएस तथा बच्चों के खिलौने भेंट किए गए। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास की पहल पर शुरू अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिवबाड़ी महंत स्वामी विमर्शानंद और बाल संत छैल बिहारी का सानिध्य रहा। समारोह में भामाशाह किशन मूंधड़ा, श्याम सुंदर सोनी और सुरेन्द्र जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने की। संतों और विधायक सहित समस्त अतिथियों ने भेंट की जाने वाली सामग्री का पूजन किया और यह सामग्री स्कूल प्राचार्य को सौंपी।

भामाशाहों द्वारा संस्कृत विद्यालय को 125 सैट कुर्सी-टेबल व अन्य सामग्री भेंट कर 'मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी' अभियान का विधायक जेठानंद व्यास ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मेरी मातृभूमि-मेरी जिम्मेदारी अभियान भामाशाहों, दानदाताओं और प्रवासी बीकानेर वासियों को जोड़ने का प्रकल्प है। जिससे वे अपनी मातृभूमि के महत्व को समझकर शहर के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य किया जायेगा।

विधायक ने कहा कि बीकानेर भामाशाहों की नगरी है। दान-पुण्य यहां के कण-कण में विद्यमान है। उन्होंने मूंधड़ा परिवार द्वारा बनाई जा रही मेडिसिन विंग को नजीर बताया और कहा कि अभियान के तहत ऐसे सभी दानदाताओं को प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन की जरूरत बताई और कहा कि संस्कृति एवं संस्कार को बचाने के लिए संस्कृत को अपनाना जरूरी है। अध्यक्षता करते हुए द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि अभियान के लिए देशभर के भामाशाहों और प्रवासी नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है। आने वाले दिनों में सभी को बीकानेर आमंत्रित किया जायेगा।

- **भामाशाह किशन मूंधड़ा, श्याम सुंदर सोनी और सुरेन्द्र जैन ने सामान प्राचार्य को सौंपा**

'चिकित्सा क्षेत्र में एनेस्थीसिया डॉक्टर्स का महत्वपूर्ण योगदान'

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल के नि:श्चेतन विभाग द्वारा बुधवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में बीकानेर के एनेस्थीसिया डॉक्टर्स का महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही बताया कि पीबीएम के नि:श्चेतन विभाग द्वारा कई नवाचार किये जा रहे है जो कि प्रशंसनीय है। विभाग द्वारा रेजिडेंट्स डॉक्टर्स को नियमित सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन कुशलता पूर्वक किया जा रहा है। अतिरिक्त प्राचार्य प्रथम एवं नि:श्चेतन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता पारीक ने कहा कि नि:श्चेतन दिवस का उद्देश्य इस उपचार के प्रति आमजन को जागरूक करना तथा नि:श्चेतन के महत्व को बताना है।

डॉ. पारीक ने कहा कि पीबीएम अस्पताल में भी नि:श्चेतन विभाग के डॉक्टर्स ऑपरेशन के दौरान मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने को प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ आचार्य डॉ. कांता भाटी ने बताया कि सर्वप्रथम 16 अक्टूबर 1846 को एनेस्थिसिया का प्रयोग किया गया। उसके पश्चात निरंतर इस क्षेत्र में प्रगति हो रही है। आज मरीजों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों द्वारा दर्द रहित प्रसव, सोनोग्राफी की सहायता से नर्व ब्लॉक तकनीक द्वारा शरीर के उसी हिस्से को सून्न किया जाना जहां ऑपरेशन होना हो, आईसीयू/क्रिटिकल केयर में गंभीर मरीजों की वेंटीलेटर सहित अन्य

पीबीएम के नि:श्चेतन विभाग की ओर से विश्व एनेस्थिसिया दिवस पर चिकित्सकों का सम्मान किया।